# झारखण्ड सरकार
## झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834023.


विज्ञापन संख्या : 81 जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड, राँची / दिनांकः 27 / 09 / 2014

### पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2014 (*Para-Medical Entrance Competitive Examination - 2014*) के आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना

झारखण्ड राज्य के सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थानों में पारा–मेडिकल, फार्मेसी एवं ड्रेसर पाठ्यक्रमों के सत्र 2014–15 के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु वैसे योग्य आवेदकों से, जो भारत के नागरिक हैं एवं झारखण्ड के स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं (संदर्भः कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग का पत्रांक 5 / विविध–9 / 2001 डोमिसाईल का0 2691 / राँची, दिनांक 29.04.02) तथा निम्नानुसार निर्धारित योग्यता की अहर्त्ता को पूरा करते हैं, विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित है :–

(क) **पारा मेडिकल एवं फॉर्मेसी पाठ्यक्रम में दो वर्षीय डिप्लोमा (*2 Year Diploma course in Para Medical & Pharmacy Course*)** – राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, राँची / महात्मा गाँधी स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय, जमशेदपुर / पाटलीपुत्र चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद / सेन्ट्रल हॉस्पीटल, बी0सी0सी0एल0, धनबाद / हमीदा पारा मेडिकल इन्स्टीच्यूट एण्ड रिसर्च, ईटकी, राँची / राजकीय फॉर्मेसी संस्थान, राँची / राँची कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, राँची / स्वावलंबी इजुकेशन ट्रस्ट, गिरीडीह रोड, सिलवार, हजारीबाग।

- शैक्षणिक योग्यता – इन्टरमीडिएट विज्ञान / 10+2 (*Science*) / समकक्ष उत्तीर्ण
- आयु सीमा – फार्मेसी पाठ्यक्रम में परीक्षा वर्ष के 31 दिसम्बर को या उससे पहले न्यूनतम 17 वर्ष।
  अन्य पाठ्यक्रमों के लिए कोई आयु सीमा नहीं।

(ख) **पारा मेडिकल पाठ्यक्रम में तीन वर्षीय डिप्लोमा (*3 Year Diploma in Para Medical Course*)** – साईन अब्दुल रज्जाक अंसारी इन्स्टीच्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एण्ड रिसर्च इरबा, राँची।

- शैक्षणिक योग्यता – मैट्रिक / समकक्ष उत्तीर्ण समकक्ष उत्तीर्ण (न्यून्तम 35% अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक)
- आयु सीमा – कोई आयु सीमा नहीं।

(ग) **ड्रेसर पाठ्यक्रम में 1 वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स (*1 Year Certificate Course in Dresser Course*)** – सदर अस्पताल, देवघर / दुमका / गिरीडिह / हजारीबाग / लातेहार / गुमला / पलामू / राँची / साहेबगंज / चाईबासा / चतरा / गढ़वा / गोड्डा / जामताड़ा / कोडरमा / लोहरदगा / पाकुड़ / सरायकेला / सिमडेगा / हमीदा पारा मेडिकल इन्स्टीच्यूट एण्ड रिसर्च, गुलजार रोड, ईटकी, राँची

- शैक्षणिक योग्यता – मैट्रिक / समकक्ष उत्तीर्ण

*नोट :– उपरोक्त विभिन्न पाठ्यक्रमों की संस्थानवार / शाखावार / कोटिवार सीटों की विस्तृत जानकारी पर्षद के वेबसाईट http://www.jceceboard.org एवं ब्लॉग http://www.jceceboard.blogspot.in में देखा जा सकता है।*

2. **आवेदन पत्र की उपलब्धता** – आवेदक पर्षद के वेबसाईट http://www.jceceboard.org के Entrance Notice कॉलम एवं ब्लॉग http://www.jceceboard.blogspot.in से आवदेन पत्र का प्रपत्र

डाउनलोड कर आवेदन कर सकते हैं। **आवेदन पत्र के उक्त प्रारूप से भिन्न कोई भी अन्य प्रारूप स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदन पत्र काले स्याही से स्पष्ट रूप में भरें।**

3. **फोटोग्राफ** – आवेदन पत्र में निर्धारित जगह एवं दी गई घेरे के अन्दर ही हाल का खिंचाया हुआ रंगीन फोटोग्राफ जिसमें नाम एवं फोटो खिंचवाने की तिथि दर्ज हो, चिपकायें तथा चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट दिखाई देने चाहिए। फोटोग्राफ संपादित (*Edited*) नहीं होना चाहिए, अन्यथा आवेदन पत्र रद्द कर दिया जायेगा।

4. **परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा की तिथि** – यह परीक्षा राँची के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तिथि की सूचना प्रवेश पत्र के माध्यम से दी जाएगी।

5. **परीक्षा शुल्क** – सामान्य/पिछड़ी जाति – *I*/पिछड़ी जाति – *II* कोटि के अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ ₹ 450/– एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों को ₹ 275/– परीक्षा शुल्क जमा करना होगा, जो *Non-refundable* होगा।

**परीक्षा शुल्क जमा करने का तरीकाः–**

<u>(क) डिमान्ड ड्राफ्ट (*Demand Draft*):–</u> वांछित राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट, जो *"Controller of Examination, JCECEB"* के पदनाम से तथा *Ranchi* में भुगतेय हो, **या**

<u>(ख) बैंक चालान (*Bank Challan*):–</u> चालान (*Challan*) की प्रति आवेदन पत्र के साथ उपरोक्त वर्णित वेबसाईटों पर उपलब्ध है। चालान के माध्यम से परीक्षा शुल्क, यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के किसी भी शाखा में या किसी अन्य बैंक से यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया के खाते में जमा किया जा सकेगा।

डाउनलोड किये गये आवेदन पत्र के साथ वांछित राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट (मूल रूप में) {डिमान्ड ड्राफ्ट के पिछले पृष्ठ पर अपना नाम एवं पता अवश्य दर्ज करें} **या** बैंक चालान की पर्षद प्रति (*Board's Copy*) संलग्न कर **झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची–834023** के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। **आवेदन पत्र पर्षद कार्यालय में पहुँचने की अंतिम तिथि <u>दिनांक 15.10.2014</u> तक है।** प्रेषित किये जाने वाले लिफाफे के उपर मोटे अक्षर में ***"Para-Medical Entrance Competitive Examination - 2014"*** अवश्य लिखें।

6. **परीक्षा का स्तर एवं प्रकार** – प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ (*Objective*) प्रकार की होगी तथा सभी विषयों के प्रश्न पत्र अंग्रेजी एवं हिन्दी में उपलब्ध रहेंगे।

**<u>इण्टरस्तरीय पाठ्यक्रम</u>** – पी०सी०एम० समूह में इंटरमीडिएट स्तरीय भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित और पी०सी०बी० समूह में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान से 50–50 प्रश्न पूछे जायेंगे।

**<u>मैट्रिक स्तरीय पाठ्यक्रम</u>** – मैट्रिक स्तरीय गणित, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान से 50–50 प्रश्न पूछे जायेंगे।

7. **मेधा सूची –**

**इण्टरस्तरीय पाठ्यक्रम** – पारा मेडिकल पाठ्यक्रम हेतु दोनों समूहों यथा पी०सी०एम० एवं पी०सी०बी० समूह के अभ्यर्थियों द्वारा अर्हता रखने के कारण दोनों समूहों को मिलाकर मेधा सूची तैयार की जाएगी जो पी०सी०एम०बी० मेधा सूची कहलाएगी। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में

सर्वप्रथम भौतिक विज्ञान में प्राप्तांक के आधार पर तथा यह स्थिति भी समान होने पर रसायन विज्ञान में प्राप्तांक के आधार पर तथा उपरोक्त दोनों स्थितियाँ समान होने पर पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। सीटों का आवंटन मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर सम्बन्धित शाखा में किया जायेगा।

**मैट्रिक स्तरीय पाठ्यक्रम** – कुल प्राप्तांकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में सर्वप्रथम गणित में प्राप्तांक के आधार पर तथा यह स्थिति भी समान होने पर विज्ञान में प्राप्तांक के आधार पर तथा उपरोक्त दोनों स्थितियाँ समान होने पर पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। सीटों का आवंटन मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर किया जायेगा।

8. **आरक्षण** – राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण के नियम लागू होंगे।

9. प्रेस में मुद्रण अथवा टाइपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।

ह0/–
**मृदुला सिन्हा** भा0प्र0से0
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : 963 जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड, राँची/दिनांक: 27/09/2014

प्रतिलिपिः–

**विज्ञापन प्रबंधक,** प्रभात खबर/हिन्दुस्तान/हिन्दुस्तान टाइम्स, कोकर इण्डस्ट्रीयल एरिया, कोकर, राँची को दिनांक 28/09/2014 के दैनिक समाचार पत्रों में डी0ए0भी0पी0 दर पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित। विज्ञापन का प्रकाशन झारखण्ड के सभी संस्करणों में की जाय।

Mridula Sinha 27/9

**परीक्षा नियंत्रक**

27/9/14